रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-14072022-237278
CG-DL-E-14072022-237278

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 493] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 11, 2022/आषाढ़ 20, 1944
No. 493] NEW DELHI, MONDAY, JULY 11, 2022/ASHADHA 20, 1944

India Code

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 जुलाई, 2022

सा.का.नि. 531(अ).—केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु क्वालिटी प्रबंध आयोग अधिनियम, 2021 (2021 का 29) की धारा 25 की उपधारा (2) के खंड (च) के साथ पठित धारा 11 की उपधारा (9) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु क्वालिटी प्रबंध आयोग के परामर्श से आयोग के अधिकारियों और अन्य कर्मचारिवृन्द की भर्ती की पद्धति, वेतन, भत्ते और सेवा की शर्तों को विनियमित करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु क्वालिटी प्रबंध आयोग (आयोग के अधिकारियों और अन्य कर्मचारिवृन्द के वेतन, भत्ते और सेवा की शर्तें) नियम, 2022 हैं।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं.- (1) इन नियमों में, जब तक की संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित ना हो, ,-

(क) ''अधिनियम'' से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु क्वालिटी प्रबंध आयोग अधिनियम, 2021 (2021 का 29) अभिप्रेत हैं ।

(ख) ''आयोग'' से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु क्वालिटी प्रबंध आयोग अभिप्रेत है ।

(ग) ''अनुसूची'' से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इनमे में प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है किन्तु अधिनियम में परिभाषित है वही अर्थ होंगे, जो उनके अधिनियम में है ।

3. आयोग के अधिकारियों और अन्य कर्मचारिवृन्द की संख्या, वेतन और भत्ते.- आयोग के अधिकारियों और अन्य कर्मचारिवृन्द की संख्या, वेतन और भत्ते तथा उनकी भर्ती की पद्धति इन नियमों में यथा विनिर्दिष्ट होंगी ।

4. पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.- पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में यथा विनिर्दिष्ट होंगे ।

5. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि.- भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य मामले अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में यथा विनिर्दिष्ट होंगे ।

6. निरर्हता : वह व्यक्ति –

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

7. नियुक्ति प्राधिकारी.- आयोग का अध्यक्ष, आयोग के अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द के लिए नियुक्ति प्राधिकारी होगा ।

8. सीधी भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की छानबीन के लिए प्रकिया.- (1) सीधी भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की छानबीन के लिए प्रकिया निम्नलिखित होगी, अर्थात् :-

(क) आयोग, विज्ञापन के माध्यम से पद के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा;

(ख) ऐसे प्राप्त सभी आवेदनों की अध्यक्ष द्वारा गठित छानबीन समिति द्वारा पात्रता के लिए छानबीन की जाएंगी ;

(ग) (i) स्तर – 9 और उससे ऊपर के पदों के लिए छानबीन समिति निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :

1. सदस्य सचिव – अध्यक्ष;
2. निदेशक – सदस्य;
3. उपसचिव – सदस्य।

(ii) स्तर – 8 और उससे नीचे के पदों के लिए छानबीन समिति निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:

1. निदेशक – अध्यक्ष;
2. उपसचिव – सदस्य;
3. अवर सचिव – सदस्य।

(2) छानबीन समिति के किसी सदस्य की अनुपस्थिति से छानबीन समिति की कार्यवाहियां अविधिमान्य नहीं होगी ।

9. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति की दशा में छानबीन के लिए प्रक्रिया.- (1) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति की दशा में छानबीन के लिए प्रक्रिया निम्नलिखित होगी, अर्थात् :-

(क) आयोग रिक्त पदों के लिए अखिल भारतीय आधार पर विज्ञापन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करेगा ;

(ख) ऐसे प्राप्त सभी आवेदनों की अध्यक्ष द्वारा गठित छानबीन समिति द्वारा पात्रता के लिए छानबीन की जाएंगी;

(ग) (i) स्तर – 9 और उससे ऊपर के पदों के लिए छानबीन समिति निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:

1. सदस्य सचिव – अध्यक्ष;
2. निदेशक – सदस्य;
3. उपसचिव – सदस्य।

(ii) स्तर – 8 और उससे नीचे के पदों के लिए छानबीन समिति निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:

IndiaCode

1. निदेशक – अध्यक्ष;

2. उपसचिव – सदस्य;

3. अवर सचिव – सदस्य।

(2) छानबीन समिति के किसी सदस्य की अनुपस्थिति से छानबीन समिति की कार्यवाहीयां अविधिमान्य नहीं होगी ।

10. प्रतिनियुक्ति की अवधि.- (1) प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अतंर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है प्रतिनियुक्ति प्रारंभ होने की तारीख से तीन वर्ष की होगी और प्रतिनियुक्ति की अवधि आयोग के अध्यक्ष के अनुमोदन से पांच वर्ष तक और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मंत्री के अनुमोदन से पांच वर्ष से अधिक और सात वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी ।

(2) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा समय-समय पर, जारी किए गए प्रतिनियुक्ति संबंधी निर्देश प्रतिनियुक्ति के आधार पर सेवारत अधिकारियों और कर्मचारियों के संबंध में लागू होंगे ।

11. सेवा की शर्तें.- (1) आयोग के अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द के वेतन, कार्यग्रहण की अवधि, कार्यग्रहण अवधि वेतन, भत्ते, छुट्टी, भविष्य निधि, अधिवर्षिता की आयु, यात्रा भत्ता और छुट्टी यात्रा रियायत और सेवानिवृत्ति फायदों के मामलों में सेवा की शर्तें और सेवा की अन्य शर्तें ऐसे नियमों और विनियमों के अनुसार विनियमित होगी जो वेतन मैट्रिक्स में तत्स्थानी स्तर से संबंधित केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए तत्समय लागू हो ।

(2) उपनियम (1) में अतंर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, आयोग के अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द द्वारा शासकीय विदेशी दौर करने के लिए, आयोग के अध्यक्ष या इस संबंध में अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य सदस्य का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित होगा ।

(3) आयोग के अधिकारी और कर्मचारिवृन्द जिन्हें वास-सुविधा आबंटित नही की गई है, वे केन्द्रीय सरकार के समान वेतन आहरित करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को यथा अनुज्ञेय मकान किराया भत्ते के लिए पात्र होंगे ।

(4) आयोग के अधिकारी और कर्मचारिवृन्द जो प्रतिनियुक्ति पर है और जिनके पास समान्य पूल के अधीन सरकारी आवासीय वास-सुविधा है, वे सरकारी आवासीय वास-सुविधा बनाए रखने के लिए पात्र होंगे ।

(5) (i) आयोग के अधिकारी और कर्मचारिवृन्द जो प्रतिनियुक्ति पर है ऐसी भविष्य निधि स्कीमों द्वारा शासित होना जारी रहेंगें जो उन पर उनके मूल मंत्रालय या विभाग अथवा संगठन में लागू होता है;

(ii) आयोग ऐसे अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द से भविष्य निधि के लिए अभिदाय वसूल करेगा और उधारदाता मंत्रालय या विभाग या संगठन को तुरंत ऐसी रकम प्रेषित करेगा;

(iii) देरी से प्रेषित किये जाने पर ब्याज की कोई हानि आयोग द्वारा वहन की जाएगी ।

(6) आयोग के प्रतिनियुक्ति से भिन्न अधिकारी और कर्मचारिवृन्द आयोग द्वारा केन्द्रीय सरकार के परामर्श से विरचित की जाने वाली स्कीम के अनुसार समूह बीमा के हकदार होंगे:

परन्तु यदि आयोग के अधिकारी और कर्मचारिवृन्द प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किए गए हैं तो ऐसी समूह बीमा स्कीम द्वारा शासित होना जारी रहेंगे, जो उन पर उनके मूल मंत्रालय या विभाग या संगठन में लागू होती है ।

(7) (i) आयोग ऐसे अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द से बीमा स्कीमों के लिए अभिदाय वसूल करेगा और उधारदाता मंत्रालय या विभाग या संगठन को तुरंत ऐसी रकम प्रेषित करेगा;

(ii) देरी से प्रेषित किये जाने पर ब्याज की कोई हानि आयोग द्वारा वहन की जाएगी ।

(8) आयोग के ऐसे अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द जो प्रतिनियुक्ति पर नहीं हैं, नई पेंशन स्कीम द्वारा शासित होंगे ।

(9) आयोग के ऐसे अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द जो प्रतिनियुक्ति पर हैं, ऐसे पेंशन और सेवानिवृत्ति फायदों, यदि कोई हो, के लिए पात्र होंगे, जो उन्हें उनके मूल मंत्रालय या विभाग अथवा संगठन में उपलब्ध हैं ।

(10) आयोग के अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द पर केन्द्रीय सेवाएं (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 1944 लागू होंगे ।

12. अवशिष्ट उपबंध.- आयोग के अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द के सेवाओं के निबंधनों और शर्तों से संबंधित मामले जिनके संबंध में इन नियमों के अधीन कोई अभिव्यक्त उपबंध नहीं किया गया है या केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसे उपबंध नहीं बनाए गए हैं, आयोग द्वारा केन्द्रीय सराकर को उनके विनिश्चय के लिए निर्दिष्ट किए जाएंगे ।

13. व्यावृत्ति.- इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

14. शिथिल करने की शक्ति.- जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
अवर सचिव	*3(2022) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।)	अननुसचिवीय	स्तर 11 (67700-208700 रुपये)	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अहर्ताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।	भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।
(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा	लागू नहीं होता

प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना।	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।
(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति : अनुभाग अधिकारी के पद पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर-8 (47600-151100 रुपये) में आठ वर्ष की नियमित सेवा। प्रतिनियुक्ति: 1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री;	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन समिति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव -- अध्यक्ष 2. निदेशक-- सदस्य	लागू नहीं होता

(क) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किया हुआ है; या (ख) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56100-177500 रुपये) या स्तर-9 में (53100-167800 रुपये) या संयुक्त रुप से दोनों में पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; या (ग) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-8 (47600-151100 रुपये) मे आठ वर्ष की नियमित सेवा की है; या 2. जिन्हें सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में प्रशासन या वित्त या लेखांकन के क्षेत्र में न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव है।	3. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का निदेशक या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी--सदस्य	

टिप्पण 1 -- जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

टिप्पण 2-- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्य क्षेत्र प्रशासनों या स्वायत या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पण 3--प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
अनुभाग अधिकारी	*2(2022) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।)	अननुसचिवीय	स्तर - 8 (47600-151100 रुपये)	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति : सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (44900-142400 रुपये) में आठ वर्ष की नियमित सेवा।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन समिति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:-	लागू नहीं होता

प्रतिनियुक्ति : 1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री; (क) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किया हुआ है; या (ख) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (44900-142400 रुपये) या स्तर-6 में (35400-112400 रुपये) या संयुक्त रुप से दोनों में आठ वर्ष की नियमित सेवा की है; या 2. जिन्हें सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में प्रशासन या वित्त या लेखांकन प्रोटोकोल के क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव है।	1. सदस्य सचिव-- अध्यक्ष 2. निदेशक -- सदस्य 3. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का उप सचिव या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी-- सदस्य	

टिप्पण 1 -- जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो ।

टिप्पण 2-- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्य क्षेत्र प्रशासनों या स्वायत या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 3--प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सहायक अनुभाग अधिकारी	*6 (2022) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।)	अननुसचिवीय	स्तर - 7 (44900-142400 रुपये)	लागू नहीं होता	30 वर्ष (केंद्रीय सरकार के सुसंगत अनुदेशों के अनुसार आरक्षित प्रवर्ग के अभ्यर्थियों और सरकारी सेवकों के लिए आयु शिथिल की जा सकती है।)

(7)	(8)	(9)	(10)
किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री कंप्यूटर ज्ञान सहित, जिसके अंतर्गत एमएस वर्ड या एक्सेल या पावर पाइंट और कंप्यूटर के अन्य सुसंगत कार्य भी हैं ।	लागू नहीं होता	सीधी भर्ती के लिए दो वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रतिनियुक्ति : 1॰ जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किया हुआ है ; या वेतन मैट्रिक्स के स्तर-6 (35400-112400 रुपये) मे पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; या; वेतन मैट्रिक्स के स्तर-5 (29200-92300 रुपये) मे आठ वर्ष की नियमित सेवा की है; या वेतन मैट्रिक्स के स्तर-4 (5200-20200 रुपये) मे दस वर्ष की नियमित सेवा की है। 2. जिन्हें सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में प्रशासन या वित्त या लेखांकन के क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव है ।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन समिति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :--1. सदस्य सचिव -- अध्यक्ष 2. निदेशक -- सदस्य 3. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का उप सचिव या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी-- सदस्य	लागू नहीं होता

टिप्पण 1-- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्य क्षेत्र प्रशासनों या स्वायत या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 2 --प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

IndiaCode

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव	*1(2022) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।)	अननुसचिवीय	स्तर 12 (78800-209200 रुपये)	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति : प्रधान निजी सचिव के पद पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (67700-208700 रुपये) में पांच वर्ष की नियमित सेवा। प्रतिनियुक्ति : 1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन समिति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :--1. अध्यक्ष-- अध्यक्ष 2. सदस्य सचिव-- सदस्य	

डिग्री; (क) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किया हुआ है; या (ख) वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (67700-208700 रुपये) मे पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; या (ग) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (5600-177500 रुपये) या स्तर-9 में (53100-167800 रुपये) या दोनों में संयुक्त रुप से दस वर्ष की नियमित सेवा की है। 2. जो आशुलिपि (अंग्रेजी) में 120 शब्द प्रति मिनट की गति रखता हो और एमएस वर्ड या एक्सेल या पावर पाइंट तथा अन्य सुसंगत कंप्यूटर कार्यो से सुपरिचित हो।	3. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का संयुक्त सचिव या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी -- सदस्य	

टिप्पण 1 -- जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

टिप्पण 2-- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्य क्षेत्र प्रशासनों या स्वायत या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पण 3--प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
प्रधान निजी सचिव	*3 (2022) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।)	अननुसचिवीय	स्तर - 11 (67700-208700 रुपये)	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति : निजी सचिव के पद पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर-8 (47600-151100 रुपये) में आठ वर्ष की नियमित सेवा। प्रतिनियुक्ति/आमेलन : 1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री; (क) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किया हुआ है; या (ख) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56100-177500 रुपये) या स्तर-9 में (53100-167800 रुपये) या संयुक्त रुप से पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; या (ग) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-8 (47600-151100 रुपये) मे छह वर्ष की नियमित सेवा की है। 2. जो आशुलिपि (अंग्रेजी) में 120 शब्द प्रति मिनट की गति रखता हो और एमएस वर्ड या एक्सेल या पावर पाइंट तथा अन्य सुसंगत कंप्यूटर कार्यो से सुपरिचित हो।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन समिति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव-- अध्यक्ष 2. निदेशक -- सदस्य 3. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का निदेशक या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी-- सदस्य	लागू नहीं होता

IndiaCode

टिप्पण 1 -- जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

टिप्पण 2-- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्य क्षेत्र प्रशासनों या स्वायत या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पण 3--प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
निजी सचिव	*4 (2022) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।)	अननुसचिवीय	स्तर - 8 (रुपये 47600-151100)	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति : निजी सचिव के पद पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (44900-142400 रुपये) में आठ वर्ष की नियमित सेवा। प्रतिनियुक्ति : 1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री; (क) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किया हुआ है; या (ख) जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (44900-142400 रुपये) में आठ वर्ष नियमित सेवा की हो या स्तर-6 में (35400-112400 रुपये) में दस वर्ष की नियमित सेवा की है। 2. जो आशुलिपि (अंग्रेजी या हिन्दी) में 120 शब्द प्रति मिनट की गति रखता हो और एमएस वर्ड या एक्सेल या पावर पाइंट तथा अन्य सुसंगत कंप्यूटर कार्यो से सुपरिचित हो।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन समिति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव – अध्यक्ष 2. निदेशक -- सदस्य 3. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का उप निदेशक या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी -- सदस्य	लागू नहीं होता

टिप्पण 1 -- जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

टिप्पण 2-- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्य क्षेत्र प्रशासनों या स्वायत या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पण 3--प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
निजी सहायक	*4 (2022) *(कार्यभार के आधार पर	अननुसचिवय	स्तर - 7 (44900-	लागू नहीं होता	30 वर्ष (केंद्रीय सरकार के

IndiaCode

	परिवर्तन किया जा सकता है ।)		142400 रुपये)		सुसंगत अनुदेशों के अनुसार आरक्षित प्रवर्ग के अभ्यर्थियों और सरकारी सेवकों के लिए आयु शिथिल की जा सकती है ।)

(7)	(8)	(9)	(10)
किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री और जो आशुलिपि (अंग्रेजी या हिन्दी) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति रखता हो और एमएस वर्ड या एक्सेल या पावर पाइंट तथा अन्य सुसंगत कंप्यूटर कार्यो से सुपरिचित हो ।	लागू नहीं होता	सीधी भर्ती के लिए दो वर्ष।	सीधी भर्ती द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रतिनियुक्ति : 1. जिन्होंने सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किया हुआ है। या सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-6 (35400-112400 रुपये) मे पांच वर्ष की नियमित सेवा की है या वेतन मैट्रिक्स के स्तर-5 (29200-92300 रुपये) मे आठ वर्ष की नियमित सेवा की है या वेतन मैट्रिक्स के स्तर- 4 (25500-81100 रुपये) मे दस वर्ष की नियमित सेवा की है। 2. जो आशुलिपि (अंग्रेजी या हिन्दी) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति रखता हो और एमएस वर्ड या एक्सेल या पावर पाइंट तथा अन्य सुसंगत कंप्यूटर कार्यो से सुपरिचित हो ।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन समिति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :--1. सदस्य सचिव--अध्यक्ष 2. निदेशक-- सदस्य 3. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का उप सचिव या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी-- सदस्य	लागू नहीं होता

टिप्पण 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो ।

टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत,केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्यक्षेत्र प्रशासनों या स्वशासी या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 3: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
ज्येष्ठ लेखा अधिकारी।	*1(2022) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	अननुसचिवीय	स्तर-9 (53100-167800/रु.)।	लागू नहीं होता ।	लागू नहीं होता।

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रोन्नति जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति ।

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7(44900-142400/रु.) में ऐसे सहायक लेखा अधिकारी जिन्होंने सात वर्ष की नियमित सेवा की हो । प्रतिनियुक्ति:— 1.किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से बैचलर डिग्री; (क) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किए हुए है। या (ख) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8(47600-151100/रु.) में तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो या वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44900-142400/रु.) में सात वर्ष की नियमित सेवा की हो या वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6(35400-112400/-रु.) में आठ वर्ष की नियमित सेवा की हो । 2. सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों आदि में वित्त और लेखा के क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव हो ।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:— 1.सदस्य सचिव-अध्यक्ष; 2.निदेशक-सदस्य; 3.पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का उप सचिव या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी-सदस्य ।	लागू नहीं होता।

टिप्पण 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो ।

टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत,केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्यक्षेत्र प्रशासनों या शासी या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 3: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सहायक लेखा अधिकारी।	*1(2022) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	अननुसचिवीय	स्तर-7 (44900 - 142400/रु.)।	लागू नहीं होता ।	लागू नहीं होता।

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रोन्नति जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति ।

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: वेतन मैट्रिक्स के स्तर-5(29200-92300/रु.) में ऐसे लेखापाल जिन्होंने आठ वर्ष की नियमित सेवा की हो । प्रतिनियुक्ति:— 1. सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किए हुए है। या (ख) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6(35400-112400/रु.) में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो या वेतन मैट्रिक्स के स्तर 5 (29200-92300/रु.) में आठ वर्ष की नियमित सेवा की हो । 2. सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वित्त और लेखा के क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव हो ।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:— 1.सदस्य सचिव-अध्यक्ष; 2.निदेशक-सदस्य; 3.पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का उप सचिव या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी-सदस्य ।	लागू नहीं होता।

टिप्पण 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो ।

टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत,केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्यक्षेत्र प्रशासनों या स्वशासी या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 3: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

IndiaCode

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
लेखापाल ।	*1(2022) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	अननुसचिवीय।	स्तर-5 (29200 - 92300/रु.)।	लागू नहीं होता ।	30 वर्ष (केन्द्रीय सरकार के सुसंगत अनुदेशों के अनुसार आरक्षित प्रवर्ग के अभ्यर्थियों और सरकारी सेवकों के लिए आयु शिथिल की जा सकती है) ।

(7)	(8)	(9)	(10)
आवश्यक: वाणिज्य में किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से बैचलर डिग्री । वांछनीय: चार्टर्ड अंकाउंटेंट संस्थान द्वारा मान्यताप्राप्त सी ए या आई सी डब्ल्यू ए ।	लागू नहीं होता।	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष ।	सीधी भर्ती जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति ।

(11)	(12)	(13)
प्रतिनियुक्ति:— 1. सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किए हुए है। या सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 4(25500-81100/रु.) में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो या वेतन मैट्रिक्स के स्तर 3 (21700-69100/रु.) में आठ वर्ष की नियमित सेवा की हो। 2. सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वित्त और लेखा के क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव हो ।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:— 1.सदस्य सचिव-अध्यक्ष; 2.निदेशक-सदस्य; 3.पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का उप सचिव या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी-सदस्य ।	लागू नहीं होता।

IndiaCode

टिप्पण 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत,केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्यक्षेत्र प्रशासनों या स्वशासी या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कनिष्ठ अनुवादक (राजभाषा)।	*1(2022) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	अननुसचिवीय।	स्तर-6 (35400 - 112400/रु.)।	लागू नहीं होता ।	32 वर्ष (केन्द्रीय सरकार के सुसंगत अनुदेशों के अनुसार आरक्षित प्रवर्ग के अभ्यर्थियों और सरकारी सेवकों के लिए आयु शिथिल की जा सकती है) ।

(7)	(8)	(9)	(10)
किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी में मास्टर डिग्री जिसमें बैचलर डिग्री स्तर पर अंग्रेजी वैकल्पिक विषय रहा हो या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में मास्टर डिग्री जिसमें बैचलर डिग्री स्तर पर हिंदी वैकल्पिक विषय रहा हो साथ ही सरकारी कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों के सुसंगत क्षेत्र में दो वर्ष का अनुभव हो ।	लागू नहीं होता।	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष ।	सीधी भर्ती जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति।

(11)	(12)	(13)
प्रतिनियुक्ति:— मुख्य विषयों के रुप में हिंदी और अंग्रेजी के साथ किसी मान्यप्राप्त विश्वविद्यालय से बैंचलर डिग्री । (क) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में सदृश पद धारण किए हुए है। या (ख) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 5(29200-92300/रु.) में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो या वेतन मैट्रिक्स के स्तर 4 (25500-81100/रु.) में आठ वर्ष की नियमित सेवा की हो।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:— 1.सदस्य सचिव-अध्यक्ष; 2.निदेशक-सदस्य; 3.पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का उप सचिव या उससे ऊपर के स्तर का अधिकारी-सदस्य ।	लागू नहीं होता।

IndiaCode

टिप्पण 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत,केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्यक्षेत्र प्रशासनों या स्वशासी या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विधिक सलाहकार।	*1(2022) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	अननुसचिवीय।	स्तर-13 (123100 - 215900/रु.)।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रोन्नति जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति/ अल्पकालिक संविदा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: वेतन मैट्रिक्स के स्तर 11(67700-208700/रु.) में ऐसे उप विधिक सलाहकार जिन्होंने दस वर्ष की नियमित सेवा की हो । प्रतिनियुक्ति:— किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में बैचलर डिग्री; (क) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में भारतीय विधिक सेवा या न्यायिक सेवा या अन्य विधिक सेवा के सदृश पद धारण किए हुए है। या (ख) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में भारतीय विधिक सेवा या अन्य विधिक सेवा के वेतन मैट्रिक्स के स्तर 12(78800-209200/रु.) में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो। या (ग) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में भारतीय विधिक सेवा या अन्य विधिक सेवा के वेतन मैट्रिक्स के स्तर 11(67700-208700/रु.)में दस वर्ष की नियमित सेवा की हो ।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:— 1.सभापति - अध्यक्ष; 2.सदस्य सचिव -सदस्य; 3. केन्द्रीय सरकार में संयुक्त सचिव के स्तर का एक बाह्य विधिक विशेषज्ञ या उससे ऊपर का- सदस्य।	लागू नहीं होता।

टिप्पण 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम

हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो ।

टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत,केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्यक्षेत्र प्रशासनों या स्वशासी या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 3: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
उपविधिक सलाहकार।	*1(2022) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	अननुसचिवीय।	स्तर-11 (67700 - 208700/रु.)।	लागू नहीं होता ।	लागू नहीं होता।

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रोन्नति जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति।

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10(56100 - 177500/रु.) में ऐसे सहायक विधिक सलाहकार जिन्होंने पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो । प्रतिनियुक्ति:— किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में बैचलर डिग्री; (क) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में भारतीय विधिक सेवा या न्यायिक सेवा या अन्य विधिक सेवा के सदृश पद धारण किए हुए है। या (ख) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10(56100 – 177500/रु.) में या वेतन मैट्रिक्स के स्तर 9 (53100-167800/रु.) में या भारतीय विधिक सेवा या अन्य विधिक सेवा में संयुक्त रुप से पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो ।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:— 1.सदस्य सचिव-अध्यक्ष; 2.निदेशक-सदस्य; 3. विधिक सलाहकार या बाह्य विधिक विशेषज्ञ जो केन्द्रीय सरकार में निदेशक और उससे ऊपर के स्तरपर कार्यरत है- सदस्य ;	लागू नहीं होता।

IndiaCode

टिप्पण 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो ।

टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत,केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्यक्षेत्र प्रशासनों या स्वशासी या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 3: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सहायक विधिक सलाहकार।	*1(2022) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	अननुसचिवीय।	स्तर-10 (56100 - 177500/रु.)।	लागू नहीं होता ।	35 वर्ष (केन्द्रीय सरकार के सुसंगत अनुदेशों के अनुसार आरक्षित प्रवर्ग के अभ्यर्थियों और सरकारी सेवकों के लिए आयु शिथिल की जा सकती है) ।

(7)	(8)	(9)	(10)
आवश्यक अर्हताएं 1.किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में बैचलर डिग्री के साथ सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में विधिक कार्य का चार वर्ष का अनुभव हो । या विधि में मास्टरडिग्री या पी.एच.डी या एम फिल के साथ सरकारी या कानूनीनिकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में दो वर्ष का अनुभव हो । वांछनीय: प्रदूषण नियंत्रण या पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विधिक कार्य का अनुभव हो ।	लागू नहीं होता।	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष ।	प्रोन्नति जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति ।

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7(44900 -142400/रु.) में ऐसे विधिक सहायक जिन्होंने आठ वर्ष की नियमित सेवा की हो ।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर	लागू नहीं होता।

IndiaCode

प्रतिनियुक्ति:— 1.किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में बैचलर डिग्री; (क) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में भारतीय विधिक सेवा या न्यायिक सेवा या अन्य विधिक सेवा के सदृश पद धारण किए हुए है। या (ख) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में विधिक सेवा के वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8 (47600 – 151100/रु.) में तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो। या (ग) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44900-142400/रु.) में आठ वर्ष की नियमित सेवा की हो। 2. वांछनीय: विधि में मास्टर या पी एच डी या एम फिल और प्रदूषण नियंत्रण या पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विधिक कार्य का अनुभव।	बनेगी:— 1.सदस्य सचिव-अध्यक्ष; 2.निदेशक-सदस्य; 3. विधिक सलाहकार या बाह्य विधिक विशेषज्ञ जो केन्द्रीय सरकार में निदेशक और उससे ऊपर के स्तर पर कार्यरत हैं - सदस्य।	

IndiaCode

टिप्पण 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत,केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्यक्षेत्र प्रशासनों या स्वशासी या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पण 3: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विधिक सहायक।	*2(2022) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	अननुसचिवीय।	स्तर-7 (44900 - 142400/.)।	लागू नहीं होता।	32 वर्ष (केन्द्रीय सरकार के सुसंगत अनुदेशों के अनुसार आरक्षित प्रवर्ग के अभ्यर्थियों और सरकारी सेवकों के लिए आयु शिथिल की जा सकती है)।

(7)	(8)	(9)	(10)
आवश्यक अर्हताएं: 1.किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में बैचलर डिग्री के साथ सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में विधिक कार्य का दो वर्ष का अनुभव हो। या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में मास्टर डिग्री या पी.एच.डी या एम फिल । वांछनीय अर्हताएं: प्रदूषण नियंत्रण या पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विधिक कार्य का अनुभव हो।	लागू नहीं होता।	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष।	सीधी भर्ती जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति।

(11)	(12)	(13)
प्रतिनियुक्ति:— किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में बैचलर डिग्री; (क) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में विधिक सेवा के सदृश पद धारण किए हुए है। या (ख) सरकारी या कानूनी निकायों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में किसी विधिक सेवा के वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35400 – 112400/रु.) में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो ।	विभागीय प्रोन्नति समिति/चयन समिति (प्रोन्नति या चयन के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:— 1.सदस्य सचिव-अध्यक्ष; 2.निदेशक-सदस्य; 3. विधिक सलाहकार या बाह्य विधिक विशेषज्ञ जो केन्द्रीय सरकार में निदेशक और उससे ऊपर के स्तर पर कार्यरत है - सदस्य ।	लागू नहीं होता।

टिप्पण 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत,केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघराज्यक्षेत्र प्रशासनों या स्वशासी या कानूनी निकायों के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

[फा.सं.क्यू-15014/01/2022-सीपीए]

नरेश पाल गंगवार, अपर सचिव

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 11th July, 2022

G.S.R. 531(E).—In exercise of the powers conferred by sub-section (9) of section 11 read with the clause (f) of sub-section (2) of section 25 of the Commission for Air Quality Management in National

Capital Region and Adjoining Areas Act, 2021 (29 of 2021), the Central Government, in consultation with the Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas, hereby makes the following rules regulating the method of recruitment, salaries, allowances and conditions of service of the officers and other staff of the Commission, namely:-

1. Short title and commencement.- (1) These rules may be called the Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas (salaries, allowances and conditions of service of the officers and staff of the Commission) Rules, 2022.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.— (1) In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" means the Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas Act, 2021 (29 of 2021);

(b) "Commission" means the Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas;

(c) "Schedule" means a Schedule annexed to these rules.

(2) Words and expressions used herein and not defined in these rules but defined in the Act shall have the same meanings as assigned to them in the Act.

3. Number, salaries and allowances of the officers and staff of the Commission.- The number, salaries and allowances of the officers and other staff of the Commission and their method of recruitment shall be as specified in the Schedule.

4. Number of posts, classification and level in the pay matrix.– The number of posts, their classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule.

5. Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.– The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the Schedule.

6. Disqualification. - No person, –

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living , has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

